नवंबर में चार्टर अधिसूचित हो सकता है, पेंशन-बीमा नियामक भी अपना चार्टर लाएंगे

# निवेशकों की सुरक्षा के लिए आएंगे नए नियम

**05** करोड़ अंशधारकों के खाते में जल्दी आएगा ब्याज

**1.5** करोड़ श्रमिकों के महंगाई भत्ते की दर में संशोधन

**97** हजार करोड़ से ज्यादा रकम जुटाएंगे आईपीओ

## तैयारी

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

देशभर के छोटे निवेशको के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अगले महीने नए नियम लागू हो सकते हैं। इस घटनाक्रम से जुड़े लोगों के अनुसार, पूंजी बाजार नियामक सेबी नवंबर के पहले हफ्ते में निवेशक चार्टर को अधिसूचित कर सकता है। बाकी रेगुलेटर जैसे इरडा (बीमा), पीएफआरडीए (पेंशन) अगले साल तक अपने चार्टर पेश करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, निवेशक चार्टर में निवेशकों के लिए सेबी का मिशन और विजन होगा।

इसमें निवेशकों के अधिकार और जिम्मेदारियां भी शामिल होंगी। हालांकि, चार्टर कानूनी रूप से बाध्य नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि बजट में वित्त मंत्री सीतारमण ने म्यूचुअल फंड (एमएफ) और बीमा सहित सभी वित्तीय उत्पादों पर एक निवेशक चार्टर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। इसमें उनके अधिकार, विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं, सेवाओं से संबंधित समय सीमा और निवेशक शिकायत निवारण तंत्र शामिल हैं।

## सख्ती: सेबी ने कड़े किए निवेश के नियम



पूंजी बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों के कर्मचारियों और ट्रस्टियों के निवेश और ट्रेडिंग के लिए नया नियम पेश किया। यह नियम कर्मचारियों को उनके पद के दुरुपयोग करने से प्रतिबंधित करेगा। इन नए नियमों के अनुसार, एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के कर्मचारी, बोर्ड मेंबर्स और ट्रस्टीज मेंबर्स, एक्सेस पर्सन किसी भी कंपनी के बारे में किसी संवेदनशीन जानकारी का अनुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। एक्सेस पर्सन में एएमसी हेड (सीईओ/मैनेजिंग डायरेक्टर/प्रेसीडेंट), एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स, चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर आदि शामिल होते हैं।

## राहत : गोल्ड स्कीम को परिजन भुना सकेंगे

भारतीय रिजर्व बैंक ने मूल जमाकर्ता की मृत्यु के मामले में लॉक-इन पीरियड से पहले गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम के तहत जमा की समय पूर्व निकासी की अनुमति दी है। इस स्कीम में प्रीमैच्योर विड्रॉल की अनुमति थी, लेकिन 3 और 5 साल की लॉक-इन पीरियड से पहले के लिए नहीं था।

## अच्छी खबर : न्यूनतम मेहनताना बढ़ाया

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने केंद्रीय क्षेत्र के 1.5 करोड़ श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते की दर में संशोधन किया है। वृद्धि एक अक्तूबर से प्रभावी होगी, जिसके परिणामस्वरूप केंद्रीय क्षेत्र के कर्मचारियों और श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में इजाफा होगा।

## मौका : 30 हजार करोड़ रुपये के आईपीओ आएंगे

आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में निवेश करने वालों के लिए यह साल बेहतरीन रहा है। एक ओर जहां कई आईपीओ ने निवेशकों को शानदार कमाई का मौका दिया है, वहीं दूसरी ओर कंपनियों ने रिकॉर्ड पूंजी बाजार से जुटाई है।

प्राइमरी मार्केट ट्रैकर प्राइम डेटाबेस के आंकड़ों के मुताबिक, 41 कंपनियों ने 2021 के पहले नौ महीनों में शुरुआती शेयर बिक्री के जरिए 66,973 करोड़ जुटाए हैं। वहीं, अगले कुछ दिनों में पेटीएम, नायका और पॉलिसीबाजार के नेतृत्व में पांच आईपीओ प्राथमिक बाजार के माध्यम से 30,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में है।